दैनिक
न्याय साक्षी

महत्वपूर्ण एवं खास

जिले में 548.1 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

रायगढ़। चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 5 अगस्त तक 548.1 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 7.3 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 700.3 मिली मीटर, पुसौर में 652.1, खरसिया में 497.2, घरघोड़ा में 513, तमनार में 491.4, लैलूंगा में 468.9, मुकडेगा में 537.2, धरमजयगढ़ में 434.3 छाल में 550.4 एवं कापू में 636 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस को शुष्क दिवस घोषित

रायगढ़। शासन द्वारा स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त 2024 को शुष्क दिवस घोषित किया गया है। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त शुष्क दिवस पर जिले की समस्त देशी मदिरा (सीएस-2 घघ), कम्पोजिट मदिरा (सीएस-2 घघ कंपोजिट) एवं विदेशी मदिरा (एफएल-1 घघ), दुकानों, देशी मंदिरा भंडागार एवं समस्त होटल बारों (एफएल-3) को पूर्ण रूप से बंद रखे जाने हेतु आदेश जारी किया है। उक्त दिवसों में मदिरा, मादक पदार्थ का विक्रय एवं परिवहन पूर्णत: बंद रहेगा।

यूपीएससी-प्री 2024 उत्तीर्ण एससी-एसटी अभ्यर्थियों से प्रोत्साहन राशि हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 6 अगस्त

सारंगढ़ बिलाईगढ़। आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग ने प्रोत्साहन राशि एक लाख रूपए हेतु यूपीएससी की सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा वर्ष 2024 में सफलता प्राप्त करने वाले प्रदेश के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (एसटी,एससी) के पात्र अभ्यर्थियों से 6 अगस्त 2024 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किया है। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, ब्लाक-डी, भूतल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर छत्तीसगढ़ में अंतिम तिथि तक जमा कर पावती प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन पत्र समय सीमा में रजिस्ट्रर्ड डाक से भी उपरोक्त पते पर भेजा जा सकता है। पात्रता, शर्ते तथा आवेदन पत्र का प्रारूप विभाग की वेबसाईट ट्राइबल डॉट सीजी डॉट जीओवी डॉट इन (www.tribal.cg.gov.in) से डाउनलोड किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ के एसटी,एससी वर्ग के युवाओं के सिविल सेवा के प्रति उनके परिश्रम के सम्मान में प्रोत्साहन स्वरूप संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा में सफलता प्राप्त करने पर एक लाख रुपए प्रोत्साहन राशि दिए जाने का प्रावधान किया है।

खर्री बड़े में 6 अगस्त को होगा टीबी और मौसमी बीमारी की जांच

सारंगढ़ बिलाईगढ़। कलेक्टर धर्मेश साहू के निर्देशन में जिले के खनिज और स्वास्थ्य विभाग तथा क्रेशर उद्योग समूह के सामूहिक योगदान से माइनिंग क्षेत्र के नागरिकों के स्वास्थ्य को देखते हुए मंगलवार 6 अगस्त को क्रेशर उद्योग खर्री में शिविर आयोजित किया गया है। इस शिविर में टीबी स्क्रीनिंग आउटरीच एवं मौसमी बीमारी का इलाज किया जाएगा। यह स्वास्थ्य शिविर सुबह 11 बजे से समाप्ति तक संचालित होगा। इसमें संबंधित समस्त आरएचओ महिला एवं पुरुष, सीएचओ पर्यवेक्षक, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी सहित अन्य चिकित्सा सहायक अविनाश , गिरिजा लहरे, दिनेश और सरिता बरेठ शामिल होंगे।

काईम मीटिंग : गंभीर अपराधों की जांच थाना प्रभारी स्वयं करें -एसपी दिव्यांग पटेल

पुलिस अधीक्षक ने राजपत्रित पुलिस अधिकारियों, थाना व चौकी प्रभारियों की ली काईम मीटिंग, लंबित अपराधों के निकाल के दिए निर्देश

- गंभीर मामलों में आरोपियों की गिरफ्तारी, गुम नाबालिगों की दस्तयाबी में सफलता अर्जित करने वाले पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर किए प्रोत्साहित
- क्राइम मीटिंग में एसपी और सीएसपी ने इलेक्ट्रॉनिक एविडेंस कलेक्ट करने की बताई बारीकियां

रायगढ़

दिनांक 05/08/2024 को पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल द्वारा जिले के राजपत्रित अधिकारियों, थाना, चौकी प्रभारी और शाखा प्रमुखों के साथ पुलिस कंट्रोल रूम में अपराध समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में सर्वप्रथम पुलिस अधीक्षक द्वारा गत माह फरार आरोपियों की दिगर प्रांत से गिरफ्तारी, गुम नाबालिगों की दस्तयाबी, डॉयल 112 तथा थाने के स्टाफ द्वारा किये गये उल्लेखनीय कार्यों की जानकारी लिया गया। पुलिस अधीक्षक ने प्रभारियों को पुलिस के बेसिक कार्यों के साथ साथ सामुदायिक पुलिसिंग के कार्य करने प्रेरित किया गया जिससे पुलिस की छवि अच्छी बने। क्राईम मीटिंग में पुलिस अधीक्षक द्वारा उल्लेखनीय कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया जिसमें ट्रक ड्राइवर से 25 टन सरिया लूट मामले में विशेष उपलब्धी पर थाना प्रभारी धरमजयगढ़ निरीक्षक कमला पुसाम ठाकुर व उनके हमराह स्टाफ तथा अन्य थानों से विशेष उपलब्धि प्राप्त करने वाले आरक्षक/प्रधान आरक्षकों की पुलिस अधीक्षक ने प्रशिस्त पत्र देकर पीठ थपथपाई और निरंतर बेहतर कार्य के लिए प्रोत्साहित किया गया। इसके पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा थानावर पेंडिंग अपराध, शिकायत, मर्ग की समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा लंबित हत्या, हत्या के प्रयास, बलवा, पास्को एक्ट, यौन उत्पीड़न के मामलों को प्रमुखता से लेकर गंभीर मामलों की जांच थाना प्रभारी को स्वयं करने निर्देशित किया गया। उन्होंने थाना प्रभारियों को थानों के सभी विवेचकों को समान रूप से डायरी जांच/विवेचना के लिए देने निर्देशित किये तथा एफएसएल रिपोर्ट की मांग पर तैयार प्रतिवेदन त्रुटि रहित एक सप्ताह के भीतर प्रेषित करने व लंबित शिकायतों की जांच सप्ताह के भीतर जांच प्रतिवेदन के साथ संबंधित कार्योलयों को प्रेषित करना कहा गया। क्राईम मीटिंग में थाना खरसिया, कोतवाली, जूटमिल, चक्रधरनगर, पुसौर के अपराध निकाल को बेहतर बताया तथा शेष थानों को भी प्रमुखता से लंबित मामलों के निकाल के निर्देश दिये। पुलिस अधीक्षक ने हिट एंड रन, एससी/एसटी प्रकरणों में पीड़ित क्षतिपूर्ति हेतु समय पर प्रतिवेदन भेजने के निर्देशित किया तथा राजपत्रित अधिकारियों को लगातार थाना कार्यों की मॉनिटरिंग करने और विवेचकों को दिशा निर्देशन के लिए निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक ने मवेशी तस्करी, अवैध शराब, जुआ-सट्टा और कबाड़ पर पूर्णत: अंकुश लगाने कार्यवाही जारी रखने के निर्देश दिये तथा नियमित रूप से चलित थाना, जन चौपाल जैसे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं।

अपराध समीक्षा बैठक के दूसरे सत्र में इलेक्ट्रॉनिक एविडेंस कलेक्ट करने और न्यायालय में प्रस्तुत करने के संबंध में प्रशिक्षण सत्र चला जिसमें पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल एवं नगर पुलिस अधीक्षक आकाश शुक्ला द्वारा थाना प्रभारी को मौके पर जाकर वीडियोग्राफी, एविडेंस कलेक्ट करने, हैश वैल्यु निकालने की बारीकियों और न्यायालय प्रस्तुत करने संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में एडिशनल एसपी आकाश मरकाम, डीएसपी अनामिका जैन, एसडीओपी प्रभात पटेल, सिद्धांत तिवारी, डीएसपी अखिलेश कौशिक, उत्तम प्रताप तथा थाना, चौकी प्रभारीगण, एसपी वरिष्ठ स्टेनो, प्रभारी डीएसबी, एसपी रीडर तथा सभी शाखा प्रमुख उपस्थित रहे।

कार से मवेशियों को ठोकर मारकर फरार हुए आरोपी को कोतरा रोड पुलिस ने किया गिरफ्तार

- आरोपी कार चालक पर भारतीय न्याय संहिता और छत्तीसगढ़ कृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम के तहत की गई कार्रवाई

रायगढ़

दिनांक 04.08.2024 की रात्रि नेशनल हाइवे 49 ग्राम धनागर पर कलकत्ता ढाबा के पास कार क्रमांक BR 28-AD-7065 का चालक खरसिया की ओर से तेज रफ्तार से आते समय सड़क के बांयी ओर जा रहे मवेशियों को ठोंकर मारकर भाग गया जिससे सुभाष चंद पटेल (उम्र 48 वर्ष) की 05 मवेशी की मौत हो गई। घटना पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के संज्ञान में आने पर थाना प्रभारी कोतरारोड़ को तत्काल वैधानिक कार्यवाही के निर्देश दिये गये। इस संब में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश मरकाम एवं उप पुलिस अधीक्षक अखिलेश कौशिक के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी कोतरारोड़ निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी द्वारा मवेशी मालिक सुभाष चंद पटेल की रिपोर्ट पर आरोपित वाहन चालक पर अप.क्र. 267/2024 धारा 325 BNS एवं छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम की धारा 4,10 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वाहन चालक का डिटेल निकलवाकर शीघ्र आरोपी वाहन चालक अंकित सिंह पिता कन्हैया सिंह उम्र 28 वर्ष निवासी गोपालगंज जिला गोपालगंज बिहार हाल मुकाम क्रिस्टल ग्रीन कॉलोनी थाना जूटमिल को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। संपूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतरारोड़ निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी, सहायक उप निरीक्षक हेमसागर पटेल, कुसुम कैवर्त, प्रधान आरक्षक प्रेम सिदार, आरक्षक चंद्रेश पांडेय, संदीप कौशिक, राजेश खांडे और घनश्याम सिदार शामिल रहे।

विकासखंड लैलूंगा में मेगा पीटीएम की तैयारी जोरों पर

- पालकों को घर-घर जाकर दे रहे निमंत्रण

रायगढ़

छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार कलेक्टर कार्तिकेया गोयल एवं सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में शिक्षा में गुणवत्ता के विकास हेतु स्कूल में पालकों की भागीदारी सुनिश्चित करने के क्रम में 6 अगस्त को पूरे छत्तीसगढ़ राज्य के साथ-साथ लैलूंगा विकासखंड के सभी संकुलों में संकुल स्तरीय एक साथ मेगा पालक-शिक्षक बैठक आयोजित किया जा जाएगा। जिसके मॉनिटिरिंग हेतु राज्य से लेकर विकासखंड स्तर के अधिकारियों को जिम्मा दिया गया है। लैलूंगा विकासखण्ड में भी सभी 47 संकुलों के लिये निरीक्षण कर्ता अधिकारियों की नियुक्ति जिला कार्यालय से कर दी गई है।

मेगा पीटीएम के लिए राज्य एवं जिले के निर्देशानुसार विकासखंड लैलूंगा के सभी 47 संकुलों में संकुल स्तरीय मेगा पीटीएम की तैयारी जोर. शोर से चल रही है।

जिसके लिये पालको, जनप्रतिनिधियों, आमंत्रित सदस्यों को निमंत्रण पत्र छपाई एवं बाटने का कार्य लगभग पूर्णता की ओर है। इस बैठक में पालकों के साथ, स्थानीय जनप्रतिनिधि, डॉक्टर, शिक्षाविद, मोटिवेटर, काउंसलर शामिल होंगे। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य बच्चों में शिक्षा गुणवत्ता विकास करना, इस हेतु 12 बिंदुओं पर चर्चा का मुख्य बिंदु निर्धारित किया गया है। मुख्य 12 बिंदुओं में मेरा कोना का निर्माण करना तथा उस पर चर्चा करना, छात्र दिनचर्या, बच्चों ने उस दिन क्या सीखा, बच्चा बोलेगा बेझिझक, बच्चों की अकादमिक प्रगति, पुस्तक की उपलब्धता, बस्तविहीन शनिवार, विद्यार्थियों के आयु कक्षा अनुरूप स्वास्थ्य परीक्षण एवं पोषण की जानकारी, जाति निवास आय प्रमाण पत्र बनने की स्थिति, न्योता भोजन का आयोजन, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा छात्रवृत्ति एवं विभागीय योजना की जानकारी, विभिन्न डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से शिक्षा हेतु पालकों एवं छात्रों को अवगत कराना है। रायगढ़ जिले में शिक्षा गुणवत्ता के लिये लागू मिशन उत्कर्ष के विभिन्न बिंदुओं का पालन प्रतिवेदन पालकों को बताना है। इसके अलावा ऐसे बिंदु जिन पर पालक व जन प्रतिनिधि करना चाहे सम्मिलित रहेगा।

घर घर जाकर दे रहे है निमंत्रण

पालकों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षाविदों एवं अन्य आमंत्रित सदस्यों को मेगा शिक्षक-पालक बैठक में आमंत्रित करने के लिये शिक्षक और संकुल शैक्षिक समन्वयक उनके घर में जाकर निमंत्रण पत्र देकर आमंत्रित किया जा रहा है।

12.500 टन एमएसपी पाइप की अफरा-तफरी कर फरार हुए ट्रक ड्राइवर को पुलिस ने अंबिकापुर से किया गिरफ्तार

- आरोपी से 12.500 टन एमएसपी पाइप की जब्त, आरोपी को भेजा गया रिमांड पर

रायगढ़

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन एवं एडिशनल एसपी रायगढ़ आकाश मरकाम व डीएसपी अभिनव उपाध्याय के मार्गदर्शन पर पूंजीपथरा पुलिस द्वारा 12.500 टन एमएस पाइप (कीमती रु.7,31,370) की निर्धारत स्थान पर डिलीवरी ना कर फरार आरोपी ट्रक ड्रायवर उदेश उर्फ अवधेश कुमार मेहत्ता को आज अंबिकापुर से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी ड्रायवर अपने ट्रक मालिक गौतम साहू के साथ मिलकर पाईप की अफरा-तफरी किया था।

घटना को लेकर 25 जून 2024 को थाना पूंजीपथरा में ग्राम पाली स्थित एस.एस. स्टील एण्ड पावर प्लांट के सुपरवाईजर संदीप कुमार दुबे (उम्र 36 वर्ष) ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि प्लांट में दिनांक 09/06/2024 को लक्की ट्रांसपोर्ट गेरवानी के माध्यम से ट्रक क्रं सी.जी. 15 डी.डी. 7119 में चालक अवधेश कुमार मेहत्ता के मार्फत एम.एस. पाईप 12.500 टन कीमती 7,31,370 रूपये का लोड कर बंसल ट्रेडर्स सूरजपुर के लिए दिनांक 11/06/2024 के शाम रवाना किया गया था किंतु चालक द्वारा माल को गंतव्य स्थान न पहुचाकर अफरा तफरी करने की शंका है। थाना पूंजीपथरा में आरोपित वाहन चालक पर अप.क्र. 158/2024 धारा 407 भादवि का अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। डीएसपी अभिनव उपाध्याय के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक राकेश मिश्रा द्वारा फरार आरोपी साइबर सेल से जानकारी ली गई। आरोपी ड्राइवर के अंबिकापुर में छिपे होने की जानकारी पर पुलिस अधीक्षक से अनुमति प्राप्त कर थाना पूंजीपथरा और साइबर सेल की संयुक्त टीम बनाकर अंबिकापुर रवाना किया गया। पुलिस टीम द्वारा आरोपी ट्रक ड्राइवर उदेश कुमार कुशवाहा की पतासाजी कर हिरासत में लिया गया जिससे पूछताछ करने पर अंबिकापुर में ट्रक मालिक गौतम साहू के गोदाम पर पाइप को छुपा कर रखना बताया जिसकी विधिवत पुलिस टीम द्वारा जप्ती की गई। ट्रक मालिक गौतम साहू ट्रक को लेकर फरार है जिसकी पतासाजी/गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगी हुई है। आरोपी उदेश उर्फ अवधेश कुमार मेहता पिता गंगा दयाल मेहता 23 साल निवासी अनिरूद्धपुर थाना रामचंद्रपुर जिला बलरामपुर (छ.ग.) को अमानत में खयानत के अपराध में गिरफ्तार कर आज न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी पतासाजी/गिरफ्तारी में थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक राकेश मिश्रा, सहायक उप निरीक्षक जयराम सिदार, प्रधान आरक्षक राम प्रसाद बघेल, आरक्षक बालचंद राव, अभिषेक द्विवेदी, साइबर सेल के आरक्षक नवीन शुक्ला और विकास प्रधान की विशेष भूमिका रही है।

पीएम आवास में गृह प्रवेश के अवसर पर किया गया पौधारोपण

सारंगढ़ बिलाईगढ़

हरेली त्योहार के अवसर पर सारंगढ़ विकासखंड के ग्राम भांठागांव में जिला पंचायत सदस्य बैजन्ती नंदू लहरे, परियोजना निदेशक पंचायत हरिशंकर चौहान, सीईओ संजू पटेल द्वारा पीएम ग्रामीण आवास के हितग्राहियों के पूर्ण आवास में गृह प्रवेश और आवास परिसर में वृक्षारोपण किया गया। सभी आवास हितग्राही और ग्रामवासी को पौधा वितरण कर सभी को अपने अपने घर में पौधारोपण करने के लिए प्रेरित किया गया। इस कार्यक्रम में जिला पीएम ग्रामीण आवास समन्वयक शांतिलाल देवांगन, आवास समन्वयक, तकनीकी सहायक, ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव रोजगार सहायक, पंच और ग्राम वासी उपस्थित थे। पर्यावरण संरक्षण में वृक्षारोपण का अहम योगदान है।

ग्रामीण युवाओं को दिया गया मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण

रायगढ़

कृषि विज्ञान केन्द्र, रायगढ़ द्वारा समिति रायपुर एवं राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान हैदराबाद के संयुक्त तत्वाधान में ग्रामीण युवाओं हेतु मशरूम उत्पादन का कौशल प्रशिक्षण कृषि विज्ञान केन्द्र में आयोजित किया गया। वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ.बी.एस.राजपूत ने मशरूम, उत्पादन पश्चात मार्केटिंग किस तरह से कि जाए इस विषय पर विस्तृत जानकारी प्रशिक्षणार्थियों को दी। प्रशिक्षण में रायगढ़ के विभिन्न विकास-खण्ड के 28 ग्रामीण युवक व युवतियों ने प्रशिक्षण लिया जिसमें उन्हें वीडियो, चल-चित्र प्रदर्शन, प्रायोगिक विधि से सिखाया गया। साथ ही मशरूम उत्पादन व बीज उत्पादक कृषक को प्रक्षेत्र भ्रमण कराया गया।

प्रशिक्षण प्रभारी डॉ.मनीषा चौधरी ने चल-चित्र प्रदर्शन, प्रायोगिक विधि से ऑयस्टर मशरूम, पैरा मशरूम उत्पादन विधि की तकनीकी जानकारी दी साथ ही मशरूम के पोषण मूल्य व औषधीय महत्व के विषय में जानकारी दी। के.के.पैकरा वैज्ञानिक द्वारा बटन मशरूम के कम्पोस्टींग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। डॉ. सविता आदित्य, द्वारा मशरूम में लगने वाले कीट व रोग प्रबंधन के बारे में अवगत कराया। डॉ.कन्हैयालाल पटेल वैज्ञानिक द्वारा जहरीले व खाने योग्य मशरूम की पहचान करना बताया गया। डॉ. चंद्रपॉल सिंह सोलंकी वैज्ञानिक द्वारा मशरूम उत्पादन हेतु पैरा उपचार के संबंध में जानकारी दी गई। नीलकमल पटेल (प्रक्षेत्र प्रबंधक) के द्वारा प्रक्षेत्र में स्थित मशरूम उत्पादन इकाई के साथ-साथ फसल उत्पादन, गौशाला इकाई, केचुआ खाद इकाई आदि का भ्रमण कराकर जानकारी दी गई। आषुतोष सिंह कार्यक्रम सहायक (कम्प्यूटर) ने क्राप डॉक्टर व ई-मार्केटिंग से अवगत कराया गया। केन्द्र के मृदा वैज्ञानिक के.डी. मंहत ने मृदा उर्वरक्ता बढ़ाने में मशरूम उत्पादन पश्चात बचे अवशेष के उपयोग के बारे में जानकारी देते हुए कार्यक्रम का संचालन किया। मशरूम उत्पादक व स्पान उत्पादक कृषक से एक सफल उद्यमी से परिचर्चा करवाया गया। इस कार्यक्रम के सफलता में केन्द्र के वैज्ञानिकों सहित सुरेश प्रधान, सुनयना कुरू उषा बरेठ एवं अन्य स्टॉफ का योगदान रहा।

बिना तारपोलिन ढंके परिवहन करने वाले वाहनों पर नियमित रूप से करें कार्यवाही -कलेक्टर

- अवैध रूप से सड़कों पर खड़े वाहनों एवं ओव्हर लोड गाड़ियों पर कार्यवाही के दिए निर्देश
- कलेक्टर गोयल ने ली जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक

रायगढ़

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल की अध्यक्षता में आज जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक आयोजित हुई। इस दौरान उन्होंने विशेष रूप से अवैध खनिज उत्खनन एवं परिवहन से संबंधित बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा की। कलेक्टर गोयल ने बिना तारपोलिन ढंके खनिज परिवहन करने वाले वाहनों पर नियमित रूप से कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल, डीएफओ रायगढ़ स्टायलो मण्डावी उपस्थित रही।

कलेक्टर गोयल ने कहा कि बिना तारपोलिन ढंके खनिज परिवहन पर प्रभावी कार्यवाही हेतु डिस्पेज सेंटर पर नजर रखने एवं कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने सड़कों पर अवैध रूप से खड़े वाहनों एवं ओव्हर लोड गाडिय़ों के परिवहन के संबंध में कहा कि ऐसे वाहनों के कारण दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है, इस पर आरटीओ एवं खनिज विभाग तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करें। इस दौरान उन्होंने खनिज पट्टाधारियों एवं उत्खनिपट्टा धारियों को स्वीकृत लीज क्षेत्र में ब्लास्टिंग की समीक्षा की। उन्होंने खनिज विभाग को निर्देशित किया कि ब्लास्टिंग से पूर्व सूचना देना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही ब्लास्टिंग से संबंधित विधिक प्रावधान एवं वन टाईम परमिशन के संबंध में भी जानकारी ली।

कलेक्टर गोयल ने वन क्षेत्र एवं वन क्षेत्र से लगे हुए क्षेत्रों में खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर रोक लगाने हेतु डीएफओ एवं खनिज विभाग को समन्वय कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने नवीन रेत खदान स्वीकृति के संबंध में चर्चा करते हुए खनिज विभाग को बारिश खत्म होने से पूर्व सभी आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करने एवं शासन के निर्देशानुसार बारिश के तत्काल बाद रेत खदान प्रारंभ करने हेतु निर्देशित किया।

इस अवसर पर एसडीएम रायगढ़ प्रवीण तिवारी, एसडीएम खरसिया डॉ.प्रियंका वर्मा, खनिज अधिकारी राजेश मालवे, परिवहन अधिकारी अमित प्रकाश कश्यप, क्षेत्रीय पर्यावरण अधिकारी अंकूर साहू, डीएसपी अलिखेश कौशिक, एसडीएओ फारेस्ट बाल गोविंद साहू, एसईसीएल से के.सी.एस.नाथ, दिनेश अहिरवार सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480